हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026



# तीन जिलों के 230895 किसानों को आज मिलेगी 877 करोड़ अंतर की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित राजनांदगांव जिले के किसानों को आज प्रदेश सरकार धान खरीदी के बाद अंतर की राशि देने जा रही है। तीन जिले के 2.30 लाख किसानों को लगभग 877 करोड़ रुपए सीधे खाते में भेजे जाएंगे। आज सभी ब्लॉक मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें डिजिटल माध्यम से सीएम किसानों को संबोधन करेंगे।

छत्तीसगढ़ शासन 28 फरवरी को किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि (बोनस) जारी करेगा। यह रकम सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित होगी। होली से पहले किया जा रहा यह भुगतान किसानों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है। विष्णुदेव साय धान बोनस वितरण कार्यक्रम में प्रदेशवासियों और किसानों को संबोधित करेंगे। उनका उद्बोधन सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम स्थलों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रसारित होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कुछ चयनित किसानों से सीधी बातचीत भी करेंगे। इधर जिला मुख्यालय के अलावा ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां कर ली है। बताया गया कि सभी ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जहां आसपास के किसानों को जुटाया जाएगा। वहीं सभी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भी तय कर दिए गए हैं। किसानों के इस आयोजन में सीएम के हाथों सीधे राशि बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किसानों को भेजी जाएगी। जिले में 124100 किसानों को इसका लाभ मिलने वाला है।

## तीन जिलों में 12036183 क्विंटल धान खरीदी, प्रति क्विंटल 729 रुपए के हिसाब से मिलेगी राशि

### बाजार में बढ़ेगी रौनक

किसानों को एकमुश्त अंतर की राशि मिलने से न केवल किसानों के जीवन स्तर में सुधार करेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगा। होली से पहले राशि का वितरण होने से स्थानीय बाजारों में व्यापार बढ़ेगा। जिससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को भी लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि होली के बाद शादी सीजन की शुरूआत हो जाएगी। ऐसे में सराफा, बर्तन, इलेक्ट्रानिक सहित ऑटो मोबाइल सेक्टर में भी रौनक देखने को मिलेगी।



### राजनांदगांव में सर्वाधिक खरीदी

ज्ञात हो कि अविभाजित जिले में सर्वाधिक राजनांदगांव जिले के किसान शामिल है। यहां 124100 किसानों को लगभग 456 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। केसीजी जिले में 66281 किसानों को 274 करोड़ रुपए और एमएमसी जिले में 40514 किसानों को लगभग 148 करोड़ रुपए की राशि अंतर की राशि के रूप में दिए जाएंगे। ज्ञात हो कि किसानों को धान खरीदी के बाद समर्थन मूल्य के हिसाब से भुगतान कर दिया गया है। अब अंतर की राशि के रूप में लगभग 729 रुपए प्रति क्विंटल की राशि के अनुसार राशि दी जा रही है।

---

### मॉय एंगल




# आधी रात तक आंदोलन में डटी रही महिलाएं, हटेगी शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिले के गैंदाटोला स्थित शराब दुकान को हटाने को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ निर्णायक आंदोलन पर बैठी पूर्व विधायक छन्नी साहू ने रात 1 बजे प्रशासन द्वारा शराब दुकान हटाने दिए गए लिखित आश्वासन के बाद अपना प्रदर्शन समाप्त किया।

बीते गुरुवार को चारागाह की जमीन पर बने शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण थाना पहुंचे, जहां उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासन की ओर से सकारात्मक जवाब का इंतजार करते रात हो गई। जिसके बाद आंदोलकारियों ने थाना के सामने ही चूल्हा जलाकर खाना बनाया और खाना खाकर वहीं सोने की तैयारियों में लगे रहे। इसकी सूचना मिलने पर आनन-फानन में रात 12 बजे क्षेत्रीय अनुविभागीय दंडाधिकारी मौके पर पहुंचे और वहां उपस्थित पूर्व विधायक छन्नी साहू एवं अन्य महिलाओं से बात करते हुए आंदोलन खत्म करने कहा, जिस पर महिलाओं ने एक सुर में कहा कि हम सुबह से शराब भट्ठी को हटाने की मांग को लेकर अड़े हैं और अड़े रहेंगे, जब तक कि हमारी मांगों को मान नहीं लिया जाता, हम नहीं हटेंगे। जिसके बाद मौके पर उपस्थित आबकारी अधिकारी और एसडीएम ने रात लगभग 1 बजे उपस्थित आंदोलनकारियों को लिखित में आश्वासन दिया कि नए वित्तीय वर्ष में उक्त शराब दुकान को वहां से अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। साथ ही वहां उपस्थित आहाता को अस्थायी शेड से घेरा जाएगा। जिससे रास्ते से गुजरने वाले बच्चियों, महिलाओं व अन्य लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।



### नेता प्रतिपक्ष से करेंगी शिकायत

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा है कि किसी भी शर्त में अपने क्षेत्र की बहू बेटियों की सम्मान से समझौता नहीं करेंगे।यह शराब भट्ठी पूरी तरीके से अवैध रूप से संचालित है। न ही सहमति है, न ही ग्रामसभा में अनुमोदन है। उन्होनें कहा कि उक्त मामले को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को अवगत कराते हुए विधानसभा के पटल पर रखने का आग्रह करूंगी और दोषी अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करूंगी।

### दान की जमीन पर शराब दुकान

जिस जमीन पर शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है, वह जमीन पशुओं के चारागाह के लिए गैंदाटोला के किसान ने दान में दी थी। पशुओं के लिए दी गई इस जमीन पर आबकारी विभाग व प्रशासन ने शराब दुकान खोल दी है, जिस पर दानकर्ता के वारिसों ने नाराजगी जताई है।

### होली गीत का आयोजन आज

राजनांदगांव। शहर के श्री मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में कल शनिवार को मिथिलाभजन मंडली की महिलाओं द्वारा होली गीत एवं भजन का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम भी रखा गया है। आयोजन में मिथिला भजन मंडली की प्रमुख सुनीता झा, अनीता झा, आभा ठाकुर एवं भावना ठाकुर ढोलक पर संगत करेंगी। श्री गणेश मंदिर मिथिलाधाम से जुड़े हुए समस्त भक्तजन इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा श्रीराम और जानकी के होली प्रसंग पर गीत प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर भक्ति भरे होली गीत का आनंद उठाने श्रद्धालुओं से अपील की गई है।

फार्म हाउस भूमि बेचना हैं
50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।
- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

कमर्शियल प्लाट बेचना हैं
12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।
- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एंड न्यूरोकेयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आज शनिवार को उपलब्ध
एंडोक्रिनोलोजिस्ट सुपरस्पेशलिस्ट परामर्श
डॉ. रजत देब
DM Endocrinologist, MD Medicine
प्रत्येक शनिवार समय सुबह 10 से 2 बजे तक
रोग/लक्षण वाले मरीज अवश्य संपर्क करें:-
हाई कोलेस्ट्रॉल, पुरूषों के स्तन वृद्धि, बच्चों में छोटा कद, मोटापा, महिलाओं के चेहरे में अधिक बाल
न्यूरो रोग परमर्श
डॉ. सुशांत
MBBS, DNB (Neorology)
प्रत्येक शनिवार समय सुबह 11 से 4 बजे तक
रोग/लक्षण वाले मरीज अवश्य संपर्क करें:-
लकवा (स्ट्रोक), पार्किंसंस, साइटिका, रीड की हड्डी की तकलीफ, मस्तिक ज्वर, ब्रेन एवं नसों से संबंधित समस्याएं
आयुष्मान भारत कार्ड | ESIC/CGHS | राज्य शासन के कर्मचारी एवं आश्रितों के लिए एकमात्र अस्पताल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
संपर्क नंबर: 07744-299988/82699-24365/88279-24365



# गेंदा, हल्दी, चुकंदर का गुलाल बना रही महिलाएं

## पिछले साल कमाया था सवा लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

रंगों का पर्व होली उल्लास, उमंग और भाईचारे का प्रतीक है, लेकिन बदलते समय के साथ लोग अब सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों की तलाश करने लगे हैं। रासायनिक रंगों से त्वचा और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को देखते हुए मोहला ब्लॉक की महिलाएं हर्बल गुलाल बना रही हैं।

जानकारी के अनुसार रोशनी महिला ग्राम संगठन की महिलाएं पलाश, गुलाब, गेंदा, हल्दी, चुकंदर और पालक जैसी प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर रसायन मुक्त और पर्यावरण अनुकूल गुलाल तैयार कर रही हैं। उनकी यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति सजगता का संदेश दे रही है, बल्कि महिला सशक्तिकरण, स्थानीय रोजगार और आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल भी बन रही है।

### तीस महिलाएं सक्रिय

जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर के मार्गदर्शन में महिला ग्राम संगठन की महिलाएं हर्बल गुलाल बना रही हैं। रोशनी महिला ग्राम संगठन की 30 महिलाएं पलाश, चुकंदर, हल्दी, गुलाब, गेंदा, पालक आदि का उपयोग करती हैं। इन फूलों को सुखाकर और फिर उनकी प्रोसेसिंग करके गुलाल बनाया जाता



### महिलाओं को आर्थिक लाभ

इस पहल से स्थानीय स्तर पर महिलाओं को रोजगार मिल रहा है साथ ही वनोपज और कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन हो रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। रोशनी महिला ग्राम संगठन की सदस्य सबाना खान ने बताया कि हर्बल गुलाल अपनी गुणवत्ता और प्राकृतिक रंगों के कारण लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्य तीन वर्षों से करते आ रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें विभिन्न जिलों से इसकी मांग मिल रही है, जिससे संगठन की महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। उन्होंने नें बताया कि पिछले वर्ष उनके संगठन ने 200 किलो हर्बल गुलाल बना कर बेचा था जिससे संगठन को 1.20 लाख का मुनाफा हुआ था। इस वर्ष 300 किलो हर्बल गुलाल बना कर बेचने का लक्ष्य है।

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों का आधार अपडेट

**खुज्जी।** आधार बायोमैट्रिक अपडेट शिविर आयोजित कर मोबाइल



बायोमेट्रिक यूनिट ने स्कूली बच्चों के आधार को अपडेट किया। यह शिविर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं के बायोमेट्रिक विवरण, फोटो तथा जन सांख्यिकीय जानकारी को अद्यतन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 5 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट कराना आवश्यक होता है, ताकि आधार की जानकारी सटीक एवं प्रमाणिक बनी रहे। शिविर में ऑपरेटर ललित साहू, रोशन कुमार ने कुल 110 बच्चों का आधार अपडेट किया।

### बच्चों की माताओं को किया जागरूक

**तुमडीबोड।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला विचारपुर नवागांव में शिक्षा



की गुणवत्ता में सुधार के लिए माताओं का उन्मुखीकरण एवं स्मार्ट माता सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक ओगेश्वर साहू ने बताया कि यह आयोजन माताओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के लिए जागरूक करना है ताकि माताएं पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियां से परिचित होकर घर पर भी बच्चों की पढ़ाई में मदद कर सकें। इस मौके पर गुब्बारा दौड़, किसका बॉटल पहले भरा, कौन छिला मटर और कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। विजेता माताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रूमचंद्र चंद्रवंशी, प्रधानपाठक अनिल बोरकर, लाला चंद्रवंशी, प्रदीप ध्रुव, मुकेश चंद्रवंशी, दानी चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### कुओं के संरक्षण की मांग

**डोंगरगांव।** राज्यपाल रमेन डेका से लोक भवन रायपुर में नगर के पर्यावरण एवं जल संरक्षक भोज कुमार साहू ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने गिरते जल स्तर और पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। साहू ने महामहिम को आम का पौधा, कुंआ माडल, पक्षी बसेरा तथा धान की चिड़िया चुगनी भेंट स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में निरंतर घटते भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कुओं के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए ठोस पहल करने का निवेदन किया। इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। महामहिम राज्यपाल ने विषय की गंभीरता को देखते हुए ज्ञापन पर सकारात्मक पहल करते हुए मुख्य सचिव को रिमार्क कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस मौके पर दरवेश आनंद, अरविंद शर्मा मौजूद थे।

### जबरन न लगाएं रंग गुलाल

**खड़गांव।** थाना प्रभारी संजय यादव ने होली त्यौहार को लेकर आमजनों से जबरन रंग गुलाल न लगाने, केमिकल वाले रंग गुलालों का इस्तेमाल न करने, आयल ग्रीस या कीचड़ के उपयोग से बचने और शराब सेवन नहीं करने का आग्रह किया है। उन्होंने दुपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठने, डीजे साउंड सिस्टम की ध्वनि सीमित रखने कहा है। उन्होंने सभी से होली भाई चारे के साथ मनाने का आव्हान किया है।

### सड़क के लिए राशि मंजूर

**डोंगरगढ़।** सरकार ने अपने बजट में विभिन्न मार्गों के निर्माण, मजबूतीकरण, चौड़ीकरण, नवीनीकरण की स्वीकृति दी है। जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे ने बताया कि बजट में मेढ़ा से रामाटोला मार्ग चौड़ीकरण, मेढ़ा से कोलिहापुरी मार्ग मजबूतीकरण, चिद्दों से खरखाटोला तक मार्ग निर्माण, जीई रोड से गोविंदपुर मार्ग मजबूतीकरण, राका से मुड़पार तक मार्ग मजबूतीकरण की स्वीकृति मिली है। स्वीकृति के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्तमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, पूर्व महामंत्री भरत वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आदि का आभार व्यक्त किया है।

### खग्रास चन्द्रग्रहण 3 को, बंद रहेंगे मंदिर

**डोंगरगढ़।** आगामी 3 मार्च को चन्द्रग्रहण होने की वजह से मंदिर का पट 3



मार्च को प्रातः 8.45 बजे से रात्रि 7.30 बजे तक बंद रहेगा। ग्रहण का सूतक 3 मार्च को प्रातः 9.7 बजे प्रारंभ होगा। ग्रहण स्पर्श संध्या 6. 7 बजे, ग्रहण मोक्ष संध्या 6.47 बजे होगा। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित सभी मंदिर के पट 3 मार्च को प्रातः 8.45 बजे बंद कर दिया जाएगा।

### कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वागत

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के



जिलाध्यक्ष रमेश साहू, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बजट में शासकीय सेवकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने वेतन विसंगति पर बजट में प्रावधान न करने पर शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात बताया है। पदाधिकारियों ने कहा पेंशन हेतु शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा की गणना न होना निराशाजनक है। शिक्षक फेडरेशन के प्रांत संरक्षक मनीष मिश्रा, मंजू देवांगन, मिलन साहू, ललितप्रताप सिंह, रोशनलाल साहू, बंदीश नेमपांडे, अमीन कुरैशी, अतुल यदु, हीरालाल मौर्य, कीरत गणवीर, प्यारेलाल साहू, भरत साहू, सूरज शर्मा, डीशम तिवारी, खिलावन निर्मलकर, खिलावन ठाकुर, उमेश देशलहरा, चंद्रशेखर विजयवार, राजेश देवांगन,राजेश पंचभाई, मुकेश देवांगन, मनीष बडोले,डालेश्वर देवांगन, श्वेता श्रीवास्तव, लक्ष्मी देवांगन, देवेन्द्र, जितेन्द्र डहाट आदि ने बजट पर निराशा व्यक्त किया है।

## ग्रामीण हो रहे उपचार सुविधा से वंचित

# रंगीटोला हास्पिटल में न डॉक्टर है और न एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए नेशनल हाइवे से लगे रंगीटोला में लाखों की लागत से स्वास्थ्य केन्द्र बनाया गया है। यह अस्पताल आवश्यक सुविधा के आभाव में केवल दिखावा साबित हो रहा है। यह इमरजेंसी के लिए एम्बुलेंस तक नहीं है। वहीं डाक्टर सहित अन्य स्टाफ की भी कमी है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को एक युवक को सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उपचार के लिए रंगीटोला हॉस्पिटल लाया गया था। उसके पैर के जक्खी होने के कारण लगातार ब्लडिंग हो रही थी। उसकी स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव या छुरिया रिफर करने की चर्चा के बीच पता चला कि हास्पिटल में एम्बुलेंस नहीं होने के कारण इंजेक्शन लगाकर ब्लडिंग रोकने का प्रयास किया गया। एंबुलेंस की अनुपब्धता को देखते हुए घायल युवक को उसके परिजन मोपेड से इलाज के लिए ले गए। इस दौरान लगातार ब्लडिंग हो रही थी।



### हास्पिटल में डॉक्टर नहीं

जानकारी के अनुसार गत 18 दिसम्बर 24 को विधायक भोलाराम साहू ने इस स्वास्थ्य केन्द्र का उदघाटन किया था ताकि क्षेत्र के लोगो को उपचार सुविधा मिल सके। उस दिन ग्रामीणों ने केन्द्र में डॉक्टर और एम्बुलेंस की मांग रखा था। यह मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

### ग्रामीण हो रहे परेशान

उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में नारायणगढ़, महाराजपुर, जनकपुर, नागरकोहरा, कल्लुटोला, झितराटोला, बापूटोला सहित 10 से 15 गाँव के लोग इलाज कराने आते है। यहां डिलवरी के लिए महिलाएं भी पहुंचती है किन्तु देखने में आ रहा है कि बहुसंख्यक घायलों और महिलाओं को रिफर कर दिया जाता है। सुविधाओं के अभाव में अंचल के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है।

### अन्यत्र पदस्थापना

पता चला है कि रंगीटोला हास्पिटल में पदस्थ डॉक्टर छुरिया हॉस्पिटल में ड्यूटी कर रहा है। वहीं एम्बुलेंस की कमी से अंचल के लोगों को आए दिन परेशान होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि नेशनल हाइवे में आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है जिसमें कई लोग घायल भी होते है जिन्हे तत्काल उपचार की जरूरत होती है जो नहीं मिल पा रही है। अंचल के ग्रामीणों ने हास्पिटल में सभी आवश्यक सुविधा मुहैया कराने की मांग की है।

# फर्जीवाड़ा करने वाले पुलिस गिरफ्त से बाहर

- पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लाखों का फर्जीवाड़ा करने वाले अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है जिसे लेकर सवाल उठने लगे हैं। हाल ही में जटकन्हार पोस्ट आफिस का मामला सामने आया है। इससे पहले नौकरी के नाम पर उगाही करने के एक से अधिक मामले सामने आ चुके है।

जटकन्हार पोस्ट आफिस के फरार पोस्ट मास्टर आशीष मंडावी द्वारा 8 गांव के ग्रामीणों के विभिन्न खातों में राशि जमा किया जाता था। वह पासबुक में एंट्री भी करते रहा है किन्तु पोस्ट ऑफिस में राशि जमा नहीं करता था। पोस्टमास्टर आशीष मंडावी फर्जीवाड़ा कर फरार हो गया है। वहीं नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए देवेंद्र गोरले के खिलाफ पांच पीड़तिों ने थाने में शिकायत की है। शिकायत के अनुसार देवेंद्र गोरले और भिलाई निवासी भाजपा नेता जय प्रकाश यादव ने सरकारी नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर लाखों रुपए लिया है।

### उठने लगे सवाल

पोस्ट ऑफिस में हुए गोलमाल को लेकर अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे है। लंबे समय तक गड़बड़ी होने के बाद भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाना समझ से परे है। बताया कि पोस्ट आफिस में प्रति माह चेकिंग होती है जिसके लिए बकायदा चेकर इंस्पेक्टर की तैनाती होती है जो ब्लॉक स्तर के पोस्ट ऑफिस के खातों की जानकारी लेकर रिपोर्ट भेजता है।

### कई हुए ठगी के शिकार

बताया जाता है कि नौकरी लगाने के नाम पर भिलाई निवासी भाजपा नेता जयप्रकाश यादव एवं डोंगरगढ़ के देवेंद्र गोरले द्वारा लगभग 33 लोगों को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 56 लाख की जालसाजी की है। पांच शिकायतकर्ताओं ने लगभग एक माह पहले थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है परन्तु पुलिस द्वारा अब तक जांच का हवाला दिया जा रहा है।

## बेलगांव में मनरेगा बचाओ संग्राम



**सड़क अतरिया।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव पहुंचकर मनरेगा का नाम बदलने पर अपना विरोध जताया। इस मौके पर विजय वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम बदल दिया है। मनरेगा में अब केंद्र सरकार द्वारा पैसा दिया जाता था लेकिन अब राज्य सरकार को भी 40 प्रतिशत राशि देना होगा जिससे मजदूरों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। समय पर न काम मिलेगा न मजदूरी। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, मनरेगा बचाओ संग्राम के ब्लाक प्रभारी विजय वर्मा, मोतीलाल जंघेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश जंघेल, मंडल अध्यक्ष लिखन जंघेल, कैलाश वर्मा, किशुन मिर्चे आदि मौजूद थे।

## गोविंद बने समाज के जिलाध्यक्ष

**बांधाबाजार।** अंबागढ़ चौकी के कबीर मंदिर प्रांगण में जिला मानिकपुरी पनिका समाज का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिला अध्यक्ष के पद पर शिकारीटोला निवासी गोविंद दास मानिकपुरी को निर्विरोध चुना गया। श्री मानिकपुरी पूर्व में कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। वह जिला गठन के बाद से अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे थे। इसी प्रकार जनपद सदस्य तीजनबाई मानिकपुरी को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में शंकर दास मानिकपुरी को उपाध्यक्ष, जीवनदास को सचिव तथा कोषाध्यक्ष संजयदास मानिकपुरी को चुना गया है। मीडिया प्रभारी ऋषभ दास मानिकपुरी है। महिला प्रकोष्ठ में होलिका मानिकपुरी को उपाध्यक्ष, हेमलता मानिकपुरी को सचिव, बबिता मानिकपुरी कोषाध्यक्ष, नेतकुमारी मानिकपुरी सह सचिव और मीडिया प्रभारी प्रमेश्ववरी मानिकपुरी को बनाया गया है। निर्वाचन के दौरान सुकरीतदास, बिसाहूदास, मानिकदास, कीर्तनदास, मनोहरदास, रेशमदास, कोमलदास, जागृतदास, रविदास, नरोत्तमदास, नारददास, दिवान साहेब, केवल दास आदि मौजूद थे।

## कम्प्यूटर शिक्षा के लिए 20 लाख की घोषणा

# वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति ने लुभाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामजी भारती थे। अध्यक्षता सुरेश एच लाल ने की। विशिष्ट अतिथि अनंत सोनी, उमा महेश वर्मा, सुनील जैन, मनोज अग्रवाल, सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, प्रकाश चौरड़िया, हरविंदर सिंग मंगे, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, अमित जैन, जैन कुमार मेश्राम, जसमीत सिंग बन्नोआना, सविता दरगड़, सुमित मिश्रा, कृष्णा गुप्ता थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रगीत एवं राजकीय गीत की प्रस्तुति हुई। स्वागत के बाद प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया। मांग पत्र का वाचन छात्र अमन नामदेव एवं धर्म सिन्हा ने करते हुए एप्रोच रोड, ऑडिटोरियम, महिला महाविद्यालय, बाउंड्री वॉल, परिवहन सुविधा, अध्ययन कक्ष निर्माण




### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ की लोक संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने शिव तांडव, हनुमान चालीसा, मराठी नृत्य, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की। संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया।

### हमेशा सीखने का करें प्रयास : भारती

मुख्य अतिथि श्री भारती ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सीख दी। उन्होंने डॉ अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर अध्ययन के प्रति रूचि रखने की बात कही। श्री भारती ने कंप्यूटर शिक्षा के लिए 20 लाख की स्वीकृति दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री लाल ने शिक्षा के साथ संस्कार एवं सामाजिक दायित्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सुनील जैन, मनोज अग्रवाल, अनंत सोनी, प्रकाश चौरड़िया, जैनकुमार मेश्राम सहित अन्य ने संबोधित किया। अतिथियों ने महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका पाखी का विमोचन किया।

### उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मानित

कार्यक्रम में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल, एनसीसी, एनएसएस सांस्कृतिक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान विवि की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित करने हेतु अपने पिता की स्मृति में दी गई राशि 11 हजार को बढ़ा कर 21 हजार करने का सभी स्वागत किया। सुनील जैन, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, डॉ ईवी रेवती, डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ आशा चैधरी, डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने भी अपनी दान राशि बढ़ाकर 21 हजार करने की घोषणा की।

## होली पर बंद रहेगी शराब दुकानें

**खैरागढ़।** होली के अवसर पर बुधवार 4 मार्च को जिले में पूर्ण शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार पूरे राज्य में होली में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानों, कम्पोजिट दुकानों सहित एफएल-3 बार और अहाते पूरी तरह बंद रहेंगे। इसमें खैरागढ़, मुढ़ीपार, साल्हेवारा, जालबांधा, पैलीमेटा, छुईखदान, ठेलकाडीह और गण्डई क्षेत्र की मदिरा दुकानें, बार एवं अहाते शामिल हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि 4 मार्च को मदिरा की बिक्री, क्रय-विक्रय व सेवन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकानों एवं बार के विरुद्ध सख्त कारवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें ताकि होली के अवसर पर जिले में पूर्ण शांति, सद्भाव और अनुशासन का वातावरण बना रहे।

## निधन

### रमेश जैन

**डोंगरगांव।** मुस्कुराती रहे जिंदगी काव्य संग्रह के रचनाकार और



सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश जैन राही पिता स्व. अयोध्याप्रसाद जैन का करीब 63 साल की आयु में शुक्रवार को सुबह 6.30 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। स्व. राही कांग्रेस नेता देशराज के भाई थे। स्व. राही अपने पीछे पत्नी सहित तीन पुत्र राहुल, रितेश, रूपेश का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर विधायक दलेश्वर साहू, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, पूर्व पार्षद रौशन यदु, डॉ. नरेंद्र साहू आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### नशा समाज के लिए खतरनाकः गिरवर

**डोंगरगढ़।** तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर के अध्यक्ष गिरवर साहू के नेतृत्व



में ग्राम मांगीखुटा, कोठीटोला, दीवानटोला, कारूटोला, टाटेकसा में परिवार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने पढ़बो पढ़ाबो समाज ला आगु बढ़ाबो के मूल मंत्र को अंतिम परिवार तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने नशा को खतरनाक बताते हुए कहा कि इसे सामाजिक एकता से दूर किया जा सकता है। मंडल अध्यक्ष रोहित साहू ने युवाओं से नशा से दूर होकर अच्छे समाज के निर्माण करने में भागीदारी निभाने कहा। सम्मेलन में कमलेश साहू, उमा साहू, हनुमान दास साहू, दुर्गेश साहू, उभय साहू, मीनेश साहू, महेत्रु साहू, घणीराम साहू, मनोज साहू, रोहित साहू, कन्हई साहू, भगवानदास, नारायण साहू, मुन्ना साहू, महेश साहू, यादवराम, रामजी सहित अन्य शामिल हुए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### फाग गायन स्पर्धा आज से

**जेवरतला रोड।** ग्राम गिधवा में कल 28 फरवरी एवं 1 मार्च को फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन नवयुवक फाग उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, सचिव हुमन देवदास, लिलेश्वर साहू ने ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

### सीसीटीवी कैमरा उखाड़ ले गए अज्ञात

**मुरमुंदा।** ग्राम में संचालित संत प्रयाग स्कूल में गुरुवार की रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। रात 8.39 बजे के आसपास कुछ अज्ञात व्यक्ति स्कूल परिसर में घुसे और स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे को उखाड़कर फरार हो गए। घटना कैमरे में कैद तो हुई, लेकिन आरोपियों का चेहरा स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है। स्कूल प्रबंधन ने घटना की शिकायत डोंगरगढ़ थाना में की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राचार्य ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। स्कूल में बाउंड्री वॉल होने के बावजूद अज्ञात तत्व दीवार फांदकर अंदर घुस जाते हैं और पत्थरबाजी करते हैं। स्कूल में लगे नल और अन्य को नुकसान पहुंचाते रहते हैं।

### जनपद में बजट सर्व सम्मति से पारित



**छुईखदान।** जनपद पंचायत छुईखदान की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दिनांक 27 फरवरी को जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कोरम पूर्ण होने पर एजेंडानुसार कार्यवाही प्रारंभ हुआ। अध्यक्ष की अनुमति से केश्वरी देवांगन मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 व जनपद पंचायत बजट अनुमान नियम 1997 के प्रावधानुसार वर्ष 2025-26 और 2026-27 का अनुमानित बजट तैयार कर समिति के समक्ष चर्चा और अनुमोदन हेतु रखा गया। समिति द्वारा दोनों वर्षों के अनुमानित बजट के आय-व्यय पक्षों के संबंध में विस्तृत चर्चा, व्ययों के परीक्षण एवं ऑडिट रिपोर्ट के अवलोकन उपरांत उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा सर्व सहमति से दोनों वर्ष का बजट अनुमोदित किया गया।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक 73% प्रोटीन कमी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान

# आईबी ग्रुप का देशव्यापी अभियान 2,500 से अधिक तहसीलों में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## विश्व प्रोटीन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर देश की अग्रणी एग्री-फूड कंपनी आईबी ग्रुप ने "हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन" शीर्षक से एक व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान संचालित किया। यह अभियान कश्मीर से कन्याकुमारी तक 20 राज्यों की 2,500 से अधिक तहसीलों में एक साथ चलाया गया। जिसका उद्देश्य भारत में महिलाओं और बच्चों में व्याप्त 73 प्रतिशत प्रोटीन कमी के प्रति जागरूकता फैलाना था। आंकड़ों के अनुसार देश में हर 10 में से 7 महिलाएं और बच्चे पर्याप्त प्रोटीन नहीं ले पा रहे हैं, जो एक गंभीर पोषण चुनौती बन चुकी है।

आईबी ग्रुप की टीमों ने गांवों और तहसीलों का दौरा कर सरपंचों, ग्राम प्रधानों और स्थानीय सम्मानित बुजुर्गों के साथ मिलकर जागरूकता बैठकों का आयोजन किया। गांव की चौपालों और सामुदायिक स्थलों पर आयोजित इन संवाद कार्यक्रमों में लोगों को संतुलित आहार और पोषण की बुनियादी जरूरतों के बारे में सरल और व्यवहारिक तरीके से समझाया गया।

### प्रोटीन प्रतिदिन जरूरी

इन सत्रों के दौरान परिवारों को बताया गया कि बच्चों के समुचित शारीरिक विकास और मस्तिष्क वृद्धि के लिए प्रतिदिन 25 से 50 ग्राम प्रोटीन आवश्यक है। महिलाओं को अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता और सामान्य स्वास्थ्य को मजबूत बनाए रखने 50 से 60 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। जबकि पुरूषों के लिए 55 से 70 ग्राम प्रोटीन प्रतिदिन आवश्यक है, ताकि थकान से बचाव हो और ऊर्जा का स्तर बना रहे।




### व्यंजनों का लाइव प्रदर्शन

अभियान को व्यवहारिक स्वरूप देने के लिए कई स्थानों पर चिकन से बनने वाले पौष्टिक और किफायती व्यंजनों का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। ग्रामीण परिवारों को यह समझाया गया कि 100 ग्राम चिकन में लगभग 27 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन उपलब्ध होता है, जिसे नियमित भोजन में शामिल कर दैनिक आवश्यकता को सहज रूप से पूरा किया जा सकता है।

### देशभर में आयोजन

2,500 से अधिक तहसीलों में संचालित यह पहल देश के सबसे बड़े जमीनी स्तर के प्रोटीन जागरूकता अभियानों में से एक मानी जा रही है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, पंजाब, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, असम, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर सहित कुल 20 राज्यों में 24 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच बनाते हुए आईबी ग्रुप ने पोषण सुरक्षा की दिशा में एक व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन की नींव रखने का प्रयास किया है।

### लोगों में न हो प्रोटीन की कमी

आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने इस पहल पर कहा कि "हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन" अभियान का उद्देश्य देश के हर गांव और हर परिवार तक प्रोटीन के महत्व का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रोटीन की कमी विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है। आज पर्याप्त प्रोटीन लेना कोई विकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, मजबूत प्रतिरोधक क्षमता और समग्र विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि कंपनी का विजन है कि उच्च गुणवत्ता वाला, किफायती प्रोटीन हर घर तक पहुंचे और देश का कोई भी नागरिक प्रोटीन की कमी से प्रभावित न रहे।

# वक्फ बोर्ड अध्यक्ष पर झूठी वाहवाही का आरोप




**राजनांदगांव।** रमजान में मुस्लिम समाज के लोगों को शासकीय कार्यालय से शाम को एक घंटा पहले जाने की अनुमति होने के मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज द्वारा अपने विभाग से जारी पत्र में उन्होंने इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार का आभार जताया था। अब इस मामले को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पर झूठी वाहवाही का आरोप लगाया और समाज को भ्रमित करने की बात कही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव अनीश खान ने कहा कि डॉ. सलीम राज ने श्रेय लेने के लिए एक लेटर जारी किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि मुस्लिम समाज के लोगों को रमजान में एक घंटा पहले कार्यालय छोड़ने की अनुमति सरकार ने दी। इसके लिए उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार का आभार जताया था। जिसके बाद संयुक्त सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग ने इसका खंडन किया और कहा कि इस तरह का कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है। इस मामले में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि सरकार को इस मामले में जांच कर कार्रवाई करना चाहिए। वहीं झूठी वाहवाही बटोरने व सस्ती राजनीति करने वाले वक्फ बोर्ड अध्यक्ष को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि अगर इस मामले में उन्हें हटाया नहीं जाता है तो प्रदेशभर से वक्फ बोर्ड का घेराव किया जाएगा। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान शकील रिजवी, राजिक खान सहित अन्य उपस्थित थे। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश बनने के बाद वर्ष 2000 और 2005 में सामान्य प्रशासन द्वारा इस तरह का आदेश जारी किया गया था। जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों को रमजान में 1 घंटे पहले छुट्टी देने कहा गया है, लेकिन यह आदेश अभी स्टैंडिंग में है। इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

# होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई में होली से पूर्व शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम की अगुवाई में रखा गया। बता दें कि शांति समिति की बैठक का निर्धारित समय 4 बजे था पर बैठक अधिकारियों के समय पर नही पहुंचने के कारण आधे घंटे लेट से आरंभ हुई। बैठक में एसडीएम अविनाश ठाकुर ने बताया कि होली पर्व पर अगर गंडई में नकली और मिलावटी समान की बिक्री की शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने होली त्योहार से पूर्व नामजद बदमाशो को निगरानी में रखने का हिदायत थाना प्रभारी राजेश देवदास को दी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि होली से पहले ही कोचिया शराब स्टॉक कर लेते है और पीने वाले भी शराब मंगाकर रख लेते है इस पर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।इ शैलेन्द्र जायसवाल ने कबाड़ियों को लेकर बाते रखी कि नाबालिक बच्चे चोरी कर कबाड़ियों को चोरी का समान बेचते है और उन्ही पैसों से नशे का समान खरीदते है। जिस पर भी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। बता दे कि इसी दौरान सोशल साइट्स में एक दूसरे एवम ग्रुप के माध्यम से अभद्र टिप्पणी,भड़काऊ मेसेज न भेजेंगे की अपील किया गया। बैठक के दौरान थाना प्रभारी राजेश देवदास,तहसीलदार नेहा धुर्वे, साकेत दुबे,यतीश कुंजाम,तामेश्वर साहू,कमल किशोर,अमन झरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आत्मसुरक्षा पर व्याख्यान

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की सदस्य शिवानी तिवारी शामिल हुई। सर्वप्रथम प्राचार्य ने विषय जानकारी एवं कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया। इस मौके पर सुश्री तिवारी ने रेबीज जैसी गंभीर बीमारी, फैलने के कारण, बचाव के उपाय एवं टीकाकरण की आवश्यकता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आसपास के पशुओं से मानवतापूर्ण व्यवहार द्वारा उनके आक्रामक व्यवहार को कम कर उनसे होने वाली बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। आत्मसुरक्षा पर आयोजित व्याख्यान में समाज सेविका अर्पिता मिश्रा, रितु शर्मा एवं संगीता शुक्ला शामिल हुई। श्रीमती शुक्ला ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से मिलने वाली प्रेरणा की जानकारी दी। श्रीमती मिश्रा ने राष्ट्रभक्ति गीत के माध्यम से विद्यार्थियों में नई उर्जा का संचार किया। रितु वर्मा ने विद्यार्थियों को समाज सेवा एवं राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की सलाह दी। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कंचन साहू ने किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, संध्या कुमारी, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे, अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू उपस्थित थी।



# पशु चिकित्सालय में चोरी करने वाला 16 माह बाद गिरफ्तार

## मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं होते रहती है। कुछ घटनाओं का पता पुलिस जल्दी लगा लेती है और कुछ चोरी की घटनाएं सुलझ ही नही पाता है परंतु हाल फिलहाल में सरकारी पशु चिकित्सालय में 16 माह पहले हुए चोरी की घटना को सुलझा लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गंडई पुलिस ने पशु चिकित्सालय में हुई चोरी के मामले को सुलझाते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने चोरी का सामान बड़ी चालाकी से अपने घर की बाड़ी में छिपा कर रखा था।

मामला बीते साल का है, जब 24 अक्टूबर 2025 की रात अज्ञात चोरों ने पशु चिकित्सालय गंडई के ऑफिस का ताला तोड़कर वहां रखे कंप्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, पेन ड्राइव और डूल पंप पार कर दिए थे। इस मामले में प्रार्थी श्याम लाल चातर बिदनी (58 वर्ष) की रिपोर्ट पर थाना गंडई में अपराध क्रमांक 375/25, धारा 331 एवं 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि वार्ड नंबर 6 निवासी शेख वसीम उर्फ आयुष खान उम्र 18 वर्ष ने अपने घर के पीछे बाड़ी में बनी एक झोपड़ी के अंदर बड़ी पेटी में चोरी का सामान छिपाया है। सूचना की तस्दीक करने पहुंची पुलिस टीम ने जब मौके पर छापा मारा, तो मुखबीर की जानकारी सही निकली। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सारा सामान बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत करीबन 13,600 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी शेख वसीम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से माध्यम से डोंगरगांव एवं अर्जुनी से विभिन्न खाद्य पदार्थों के 88 नमूने संकलित कर मौके पर जांच किया गया। जिनमें से 3 नमूने अवमानक एवं 2 नमूनों के लेबल में त्रुटि पाई गई है।

खाद्य कारोबार कर्ताओं को नियमानुसार सही खाद्य पदार्थ विक्रय करने एवं विनिर्माण करने निर्देशित किया गया।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा राहुल स्वीट्स डोंगरगांव से बूंदी लड्डू, पनीर एवं पेड़ा, मानसरोवर होटल डोंगरगांव से कलाकंद, मोतीचूर लड्डू एवं पेड़ा गौतम जलपान गृह डोंगरगांव से मलाई चाप, कलाकंद, मगज लडडू एवं बूंदी लड्डू, मेसर्स धनीराम जगदीशराम एण्ड संस अर्जुनी से मैदा, उरद दाल, मसूर दाल एवं बेसन, सोयाबीन तेल का नमूना संकलित कर जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है।

### लगातार निगरानी जारी

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के नागरिकों तक सही गुणवत्ता का खाद्य पदार्थ पहुंचाने लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। खाद्य कारोबारियों से अपने प्रतिष्ठान में सुरक्षित एवं सही गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ का विक्रय, भंडारण, प्रदर्शन, विनिर्माण करने की अपील की गई है। नागरिक किसी भी प्रतिष्ठान पर मिलावटी या दूषित खाद्य सामग्री बेचे जाने का संदेह होने पर इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग हेल्पलाइन 9340597097 पर दे सकते हैं।

## बैठक में शामिल लोगों ने शासन-प्रशासन को दिलाया भरोसा

# शांति समिति की बैठक, सौहार्द्रपूर्ण मनाएंगे पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व पर शांति व्यवस्था के मद्देनजर बसंतपुर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल लोगों ने शांति एवं सद्भावना की परंपरा के अनुरूप पर्व मनाने का भरोसा शासन एवं प्रशासन को दिलाया।

पुलिस के अनुसार 26 फरवरी को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के दिशा-निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन एवं बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू द्वारा आगामी होली पर्व के मद्देनजर थाना बसंतपुर परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

### लगातार होगी गश्त

होली पर्व के दौरान धार्मिक स्थलों, मुख्य चौक-चौराहों पर स्टेटिक प्वाइंट लगाकर लगातार गश्त की जाएगी तथा आवश्यक स्थानों पर एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने, मोटर साइकिल पर तीन सवारी बिठाने एवं साइलेंसर से पटाखा जैसी आवाज निकालने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर वाहन जब्त किया जाएगा। साउंड सिस्टम का उपयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार निर्धारित मानक ध्वनि सीमा में ही किया जाएगा।



### शांति से पर्व मनाने दिलाया भरोसा

बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी की उपस्थिति में पार्षद, सर्वसमाज के प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी समाज प्रमुखों ने एकमत होकर होली धुरेड़ी एवं रमजान का पर्व जिले की वर्षों पुरानी शांति एवं सद्भावना की परंपरा के अनुरूप मनाने का भरोसा शासन एवं प्रशासन को दिलाया।

### तालाबों में उपलब्ध रहेंगे गोताखोर

मंदिरों से निकलने वाली शोभायात्रा में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। मोहारा नदी, ऑक्सीजोन, रानीसागर एवं शहर के विभिन्न तालाबों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु गोताखोर उपलब्ध कराने की मांग पर सहमति दी गई। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार का दुष्प्रचारित संदेश प्रसारित न हो, इसके लिए समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों से समझाइश देने का आग्रह किया गया। 10 बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते ध्वनि प्रदूषण पर विशेष नियंत्रण रखने के निर्देश दिए गए। 11 फायर ब्रिगेड, विद्युत विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक के अंत में सभी पार्षदों, समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा होली त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### साऊंड सिस्टम के लिए अनुमति जरूरी

फाग प्रतियोगिता या अन्य कार्यक्रमों में साउंड सिस्टम हेतु एसडीएम की अनुमति अनिवार्य होगी, जबरन चंदा वसूली न करने, किसी को उसकी इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाया जाए तथा प्रतिबंधित रंगों का उपयोग न किए जाने पर चर्चा किया गया। विद्युत लाइन, खंभों, ट्रांसफार्मर, टेलीफोन खंभों, डामर सड़क या मुख्य मार्ग, चौराहों के मध्य होलिका दहन न करने। होलिका दहन घरों से दूर एवं सुरक्षित स्थान पर करने तथा रात्रि 12 बजे तक पूर्ण किए जाने कहा गया। ईमारती लकड़ी, फलदार एवं हरे वृक्षों की लकड़ी का उपयोग न कर गोबर के कंडों से होलिका दहन करने की अपील की गई।

### लालबाग थाना परिसर में भी बैठक

इसी तरह 27 फरवरी को थाना लालबाग जिला राजनांदगांव में शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें 29 ग्रामों के सरपंच, पार्षद, पंच, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी से सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

# वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरण प्रशंसनीय कार्य : महापौर

## 270 वरिष्ठ नागरिकों को दिया गया निःशुल्क सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समाज कल्याण विभाग एवं एलिम्को जबलपुर द्वारा गांधी सभागृह राजनांदगांव में वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि समाज कल्याण विभाग एवं एलिम्को द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरण प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने सहायक उपकरण मिलने पर वरिष्ठ नागरिकों को बधाई दी। इस दौरान 270 वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य शीला सिन्हा, जनपद पंचायत राजनांदगांव उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी, पार्षद शैंकी बग्गा, शरद सिन्हा, सरपंच चुनेश्वर साहू, सरपंच डान कुमार साहू, एलिम्को के प्रबंधक नीतिन माहौर, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, नायब तहसीलदार राजनांदगांव, विभाग के वरिष्ठ कलाकार बीरसिंह साहू, बालकृष्ण बघेल, तीहार सिंह ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे।



### पात्र नागरिकों का किया गया परीक्षण

उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरडवार ने बताया कि समाज कल्याण विभाग एवं एलिम्को जबलपुर (जनरल इंश्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा शिविर लगाकर सहायक उपकरण प्रदान करने पात्र वरिष्ठ नागरिकों को चिन्हांकन एवं परीक्षण किया गया। एलिम्को जबलपुर द्वारा एक माह के भीतर जिले के 500 से अधिक चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों को एसआर मद से लगभग 50 लाख रुपए की लागत का सहायक उपकरण का निःशुल्क वितरण किया गया है। वरिष्ठजनों को व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, वाकर, फोल्डिंग बैसाखी, टेट्रापेड, वाकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र, सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल सपोर्ट, एलएस बेल्ट, फुट केयर किट, पोलीमर जेल, वनी फेश, स्टूल विथ कमोड सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किया गया। बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों का चिन्हांकन चुनौतीपूर्ण कार्य रहा। वरिष्ठ नागरिकों ने सहायक उपकरण मिलने पर खुशी जाहिर की तथा शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## सार समाचार

### उत्कृष्ट लेखन के लिए तृप्ति का दिल्ली में सम्मान

**राजनांदगांव।** हिंदी लेखन के क्षेत्र में नगर में संचालित एक निजी स्कूल




की शिक्षिका ने राष्ट्रीय स्तर सफलता हासिल किया है। जिसके लिए दिल्ली में आयोजित एक गरिमामय समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि मातृभाषा के प्रति सम्मान, अभिव्यक्ति में सहजता तथा ज्ञान विस्तार की दृष्टि से हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान है। इस दिशा में विदेश मंत्रालय एवं सीबीएसई ने हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के संयोजन में राष्ट्रीय स्तर रचना लेखन का आयोजन कर हिंदी पर लेखकों, शिक्षकों आदि से रचना आमंत्रित किया था।

इस आयोजन में नगर के प्रतिष्ठित वाइडनर अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शिक्षिका तृप्ति दुबे ने भी हिस्सा लेते हुए अपनी रचना प्रेषित किया था। फाउंडेशन ने उनकी रचना के प्रशंसनीय होने पर अमृत कुंभ सम्मान के लिए चयनित किया था। दिल्ली के सीडी देशमुख ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामय समारोह में स्थानीय वाइडनर इंग्लिश मीडियम स्कूल की शिक्षिका तृप्ति दुबे को लद्दाख के उप राज्यपाल ने सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते संस्था के प्राचार्य टी. अमलाशीलान, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ आदि ने बधाई दी है।

### दो दिवसीय वार्षिक समारोह आज से

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज द्वारा सामाजिक एकजुटता और पारिवारिक मेल-मिलाप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय वार्षिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम ग्राम मोहंदी (जालबांधा) में कल 28 फरवरी और 1 मार्च को संपन्न होगा। राजनांदगांव मैथिल क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष राजेश तोमर ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य आकर्षण विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। इस मंच के माध्यम से समाज के युवा और उनके परिजन एक-दूसरे से परिचय प्राप्त कर सकेंगे। जिससे वैवाहिक संबंधों को तय करने में सुगमता होगी। परिचय सम्मेलन के साथ-साथ यह आयोजन एक पारिवारिक मिलन समारोह के रूप में भी मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से मैथिल क्षत्रिय समाज के लोग सपरिवार शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की जड़ों को मजबूत करना और आपसी सौहार्द्र बढ़ाना है।

### हरडुवा में एक को फाग प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा में जय मां शीतला उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 01 मार्च को एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। रोहित वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता मंडली के लिए झांकी वर्ग तथा गायनग्र्ग में नगद पुरूस्कार रखे गए है।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले एवं जिला पंचायत सदस्य चंदेश वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी तोषण सिन्हा, भाजपा नेता अश्विनी जंघेल, रेगुका प्रसाद दुबे, अशोकानंद दुबे, भोला सेन, कोमल वर्मा, रूखम वर्मा, समिति अध्यक्ष यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष राजेन्द्र कोठिया, कोषाध्यक्ष लोकनाथ चंदेल, सचिव चंदेश प्रसाद दुबे, कमलेश वर्मा, लेखापाल रूपेश दुबे, गुमेन्द्र साहू, गोवर्धन सेन, कमलेश यादव आदि मौजूद रहेंगे।

### आज से स्टेशनपारा में दो दिवसीय फाग महोत्सव

**राजनांदगांव।** स्टेशनपारा राधाकृष्ण भक्त एवं मोहल्लेवासियों के तत्वावधान में कल 28 फरवरी और 1 मार्च को दो दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 से रात 10 बजे तक चलेगा। प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। आयोजकों के अनुसार महोत्सव का विषय श्री राधाकृष्ण जी पर आधारित रहेगा। दो दिनों तक भक्ति, सांस्कृतिक और रंगारंग प्रस्तुतियां होगी। महोत्सव में मंच पर प्रस्तुति देने वाली प्रत्येक मंडली को 1501 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। महोत्सव का शुभारंभ 28 फरवरी को होगा। कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े पदाधिकारी मुख्य अतिथि, अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।समापन समारोह 1 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव का समापन होगा।

### आज श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ

**राजनांदगांव।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित चार दिवसीय 31वें फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस कल 28 फरवरी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। पाठ का सुमधुर संगीतमय वाचन कोलकाता के परम श्याम सेवक गुरप्रीत सिंह एवं श्याम दिवानी रानी कौर द्वारा किया जाएगा। श्री श्याम परिवार मंडल के सुशील अग्रवाल के अनुसार फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस 28 फरवरी को कोलकाता की श्याम सेवक गुरप्रीत सिंह एवं श्याम दिवानी रानी कौर की सुमधुर वाणी से संगीतमय सुमधुर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें संस्कारधानी की लगभग 108 से अधिक माता-बहनें एवं बंधु सामूहिक रूप से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन करेंगे। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। जिसमें सभी भक्तों को आहुति प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने जानकारी दी कि महोत्सव के तृतीय दिवस फागुन शुक्ल एकादशी को कोलकाता की श्याम दीवानी जानवी शर्मा, श्याम दीवानी निशा सोनी एवं परम श्याम सेवक रवि बेरीवाल ने श्याम प्रभु के भाव पूर्ण एवं ओजस्वी भजनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को भाव विभोर कर दिया। आयोजन समिति ने जानकारी दी है कि श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ के पश्चात रात्रि 7 बजे महाआरती होगी। तत्पश्चयात सवामनी भंडारा प्रसादी होगी।

### महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज से

**राजनांदगांव।** श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ राजनांदगांव एवं श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवा मंडल के तत्वावधान में 28 फरवरी एवं 1 मार्च 2026 को दो दिवसीय महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन जैन बगीचा, सदर बाजार, राजनांदगांव में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इस शिविर में विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क ओपीडी, दवाइयों का वितरण एवं ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

शिविर में एम.डी. मेडिसिन, हड्डी रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, पेट रोग, चर्म रोग, बाल रोग, हृदय रोग एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त डायग्नोस्टिक टेस्ट पर विशेष रियायत की व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों ने विशेष रूप से शुगर, बी.पी., थायराइड, हृदय व नसों की समस्या, जोड़ों व कमर दर्द, त्वचा व बालों की समस्या, गर्भावस्था संबंधी समस्याएं, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सलाह की आवश्यकता रखने वाले नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है। आयोजन समिति ने बताया कि यह शिविर जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा एक ही स्थान पर सुलभ हो सके। सभी आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने अपील की गई है।

## असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

# होली पर हुड़दंग रोकने सात सौ जवान संभालेंगे मोर्चा, ड्रोन से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व के दौरान जिले में शांति, सौहार्द्र एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अलर्ट है। अवांछित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्थानों पर लगभग 700 पुलिस अधिकारी व जवान तैनात रहेंगे। वहीं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आगामी होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। 2-5 मार्च को होली पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द्र एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में व्यापक एवं बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु समन्वित कार्ययोजना तैयार की गई है।




### विशेष यातायात अभियान

होली पर्व के दौरान दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष ट्रैफिक अभियान चलाया जा रहा है। शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध ब्रीथ एनालाइजर से जांच एवं कड़ी कार्रवाई की जा रही है। ट्रिपल सवारी, मॉडिफाइड बिना साइलेंसर वाहन एवं ब्लैक फिल्म लगे वाहनों पर विशेष अभियान संचालित है।

### चार जोन में जिला

जिले को चार जोन शहरी, अर्ध-शहरी, ग्रामीण एवं बॉर्डर क्षेत्र में विभाजित कर अलग-अलग रणनीति तैयार की गई है। प्रमुख चौक-चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फिक्स्ड प्वाइंट ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील एवं बदमाश प्रवृत्ति वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिले के एंट्री-एग्जिट प्वाइंट, प्रमुख चौक एवं स्थैतिक बिंदुओं पर सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है। आवश्यकता अनुसार दंगा नियंत्रण टीम एवं रिजर्व बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### कार्रवाई अभियान जारी

पुलिस के अनुसार बाउंड ओवर एवं अन्य प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर असामाजिक तत्वों को जेल भेजने हेतु अभियान जारी है। आर्म्स एक्ट के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जा रही है। आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत पूर्व में चिन्हित व्यक्तियों की सूची बनाकर विशेष जांच एवं धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

### ड्रोन से निगरानी

भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके। जिला स्तर पर 24×7 मॉनिटरिंग हेतु विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो एक राजपत्रित अधिकारी के अधीन संचालित रहेगा। सीसीटीवी कैमरों एवं तकनीकी माध्यमों से संवेदनशील स्थानों की सतत निगरानी की जा रही है। बॉर्डर क्षेत्रों में सघन चेकिंग एवं आवागमन पर नियंत्रण रखा गया है।

### गश्त और फ्लैग मार्च

आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने हेतु प्रमुख क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। पैदल गश्त, बाइक पेट्रोलिंग टीम एवं मोबाइल फ्लाइंग स्क्वॉड निरंतर भ्रमणशील रहेंगे। जिससे त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। सिविल ड्रेस में महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मियों की तैनाती कर असामाजिक तत्वों पर गोपनीय नजर रखी जा रही है।

### महिला सुरक्षा हेतु विशेष प्रावधान

महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते विशेष महिला पेट्रोलिंग टीम गठित की गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करती है कि होली पर्व को शांति, भाईचारे एवं मर्यादा के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें एवं संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## महाकाल मंदिर में होलिका दहन 2 को

**राजनांदगांव।** सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में होली पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। मंदिर समिति ने बताया कि परंपरा अनुसार 2 मार्च को शाम 7.30 बजे महाकाल मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से होलिका दहन किया जाएगा।

### कालों के काल पर ग्रहण की छाया नहीं

महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि "कालों के काल महाकाल पर किसी भी प्रकार की ग्रहण की छाया नहीं लगती, इसलिए परंपरा के अनुसार 02 मार्च को ही होली जलाई जाएगी। भक्तजन निःसंकोच और श्रद्धाभाव से आयोजन में शामिल हों।" उन्होंने श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

### प्राकृतिक रंगों से 4 मार्च को होगी होली

समिति के अनुसार 4 मार्च को सुबह 5 बजे बाबा महाकाल व बाबा चंद्रमौलेश्वर के साथ प्राकृतिक एवं फूलों के रंगों से होली खेली जाएगी। भक्ति गीत, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ मंदिर परिसर शिवमय वातावरण में रंगोत्सव मनाया जाएगा।

### विशेष सजावट और भजन संध्या

मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। आरती, भजन एवं प्रसाद वितरण के साथ भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। महाकाल सेना आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाएगी। मंदिर समिति ने अपील की है कि होली प्राकृतिक रंगों से खेले, आपसी भाईचारे व सौहार्द्र के साथ पर्व मनाएं। महाकाल मंदिर सिंघोला राजनांदगांव में आयोजित यह उत्सव आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## पैसे के लेन-देन पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पैसे के लेनदेन को लेकर वाद-विवाद एवं जानलेवा हमला करने के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी टिकम साहू 42 साल पिनकापार ने पुलिस चौकी चिचोला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 फरवरी को प्रार्थी अपने घर में था। उसी समय प्रार्थी के चाचा विवेकी दास, राजेश साहू एवं मिथलेश साहू द्वारा उसके पिता गोवर्धन साहू के कमरा में जाकर गाली-गलौज कर बोले कि हमारे हिस्से का धान का पैसा को दोगे कि नहीं बताओ कहकर उसके पिता को एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते खींचकर कमरा से बाहर ले जाकर तीनों प्रार्थी के पिताजी को डंडा से जान से मारने की नीयत से मारपीट करने लगे। मारपीट करता देखकर प्रार्थी बीच-बचाव करने गया तो उसकी बुआ आ गई थी, वो भी गाली दे रही थी। चुप कराया तो विवेकी दास, मिथलेस साहू एवं राजेश साहू मुझे तीनों मारपीट करने लगे। मारपीट करने से मेरे पिताजी गोवर्धन साहू का चेहरा, दोनों आंखों के पास चोंटे आई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिचोला में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार मामले में त्वरित कार्रवाई करते आरोपी विवेकी दास 48 वर्ष, मिथलेस साहू 26 वर्ष, राजेश साहू 35 वर्ष एवं आरोपिया 45 वर्ष पिनकापार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक योगेश पटेल, सहायक उपनिरीक्षक मो. शरीफुददीन शेख, बिरेन्द्र नाविक, महिला प्रधान आरक्षक चंद्रकली कंवर, आरक्षक गजेन्द्र भारद्वाज, विष्णुराम साहू, कमलेश बंजारे का कार्य सराहनीय रहा है।

## महिला कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को शहर के जयस्तंभ चौक में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला फूंका।

कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने एपस्टीन फाइल में केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम सामने आने पर उनके इस्तीफे की मांग करते जमकर नारेबाजी की। एपस्टीन फाइल में केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम आने के बाद उनसे इस्तीफे की मांग को लेकर महिला कांग्रेस द्वारा उनका पुतला जलाया गया। शहर के जयस्तंभ चौक पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



### इस्तीफा की मांग

पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में आखिर क्यों आया, वह वहां क्यों गए थे, कितनी बार वहां के दौरे पर गए। उन्हें जल्द से जल्द अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### अपराधी के संपर्क में थे मंत्री

शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा ने कहा कि एपस्टीन फाइल में हुए खुलासों में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम 430 बार आया है। वह नाबालिग बच्चियों से शोषण के अपराधी के सतत संपर्क में रहे। उन्हें नैतिकता के आधार पर तुरंत अपना पद छोड़ देना चाहिए। माया शर्मा ने कहा कि इस मामले से देश की छवि धूमिल हो रही है और सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है।

### फाइल में नाम आने से भड़का आक्रोश

एपस्टीन फाइल में अमेरिकी फाइनेंसर और बाल यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन की गतिविधियों का विवरण शामिल है। इस फाइल में सार्वजनिक हस्तियों, राजनेताओं का नाम आया है। जिसको लेकर इस मामले में आंदोलन किया जा रहा है। पुतला दहन के आयोजन के दौरान दुलारीबाई साहू, डॉ. रूबीना अल्वी, प्रज्ञा गुप्ता, श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, अशोक फड़नवीस, सुदेश देशमुख, अभिमन्यु मिश्रा, संदीप सोनी सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।




## रोजा खोलकर बैठे व्यक्ति से मारपीट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पारिवारिक विवाद पर घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 फरवरी को रात्रि 7 बजे गुलाम मोहियुद्दीन पिता मोहम्मद मुस्ताक अपने परिवार के साथ रोजा खोलकर बैठे थे, तभी अनस जोया, मुर्शरफ जोया, अब्बास जोया, अशरफ जोया, इस्लामुद्दीन बडगुजर, जावेद बडगुजर, करीम बडगुजर, अरशद कुरेशी अपने साथ लोहे का हथौड़ा, लकडी का डंडा व अपने अन्य साथियों को लेकर मेरे घर में जबरदस्ती घुसकरमोहम्मद मुस्ताक जोया को पुराने पारिवारिक झगडे की बात को लेकर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का, लोहे के ठोस वस्तु से मारने-पीटने लगे। मुस्काक जोया के दोनो लड़कों ने बीच बचाव करने का प्रयास किया, तो उन्हें भी हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे, तभी परिवार के अन्य सदस्य मोहम्मद मुस्तफा जोया, मोहम्मद गालिब जोया, मोहम्मद रजा जोया, मोहम्मद ताहिर घर पहुंचे, जिन्हें देखकर अनस जोया, मुर्शरफ जोया, अब्बास जोया, अशरफ जोया, इस्लामुद्दीन बडगुजर, जावेद बड गुजर, करीम बडगुजर, अरशद कुरेशी अपने अन्य साथियों के साथ वहां से भाग गए।



पुलिस के अनुसार इसमें मोहम्मद मुस्ताक जोया को मारपीट की घटना में दाहिने आंख के नीचे, कान, सिर, पीठ, छाती एवं शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटें आई है, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में भर्ती कराने की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351 (2), 115 (2), 191 (2), 331 (5) बीएनएसएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार रात्रि में ही सभी आरोपी मुशर्रफ जोया, अब्बास जोया, अशरद कुरैशी, इस्लामुद्दीन, अनश जोया, करीम बड़गुर्जर, जावेद बड़गुर्जर को तलाश कर थाना लाया गया। घटना के संबंध में पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर आज 27 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, प्रधान आरक्षक शम्भूनाथ द्विवेदी, आरक्षक प्रयंश सिंह, अविरल भगत, श्रीनिवास राव, पूरन वर्मा एवं थाना पेट्रोलिंग पार्टी की सराहनीय भूमिका रही।

## पंचायतों का होगा विकास

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में हाल ही में पेश किए गए 1.72 लाख करोड़ रुपए के विशाल बजट ने पूरे राज्य में विकास की नई लहर पैदा कर दी है।



राजनांदगांव जनपद के भोतीपारखुर्द ग्राम पंचायत के सरपंच एवं राजनांदगांव जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने इस बजट को विकास की बेहतरीन गति देने वाला बताते खुलकर सराहना की है। यह बजट राजनांदगांव जनपद को विकास के रूप में अनमोल भेंट मिली है। ग्रामीण सड़कों का जाल बिछेगा, पेयजल की कोई कमी नहीं रहेगी, स्कूल-आंगनबाड़ी केंद्र चमकेंगे और किसानों को नई ताकत मिलेगी। यह बजट बेहतरीन और पूर्णतः विकासशील है। बजट में ग्रामीण विकास के लिए भारी प्रावधान किए गए हैं। जिसमें अनेक पुल-पुलिया नवीन सड़क निर्माण जलाशय जीर्णोद्वार सहित उनके गांव में नई पक्की सड़कें बनेंगी, जिनसे किसान अपनी उपज आसानी से बाजार तक ले जा सकेंगे।




## घर में सोए हुए बुजुर्ग की हत्या, गांव में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में एक वृद्ध अपने घर में खून से लथपथ मृत अवस्था में मिला। अज्ञात आरोपी ने वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। गांव में इस घटना से सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गहिरा गोपालपुर के ग्रामीणों में उस समय सनसनी व भय का वातावरण निर्मित हो गया, जब गांव का वृद्ध अपने घर में संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ मृत स्थिति में देखा गया। बताया गया कि उक्त गांव का निवासी लेडगूराम वर्मा उम्र लगभग 85 वर्ष अपने घर में सोये अवस्था में मृत अवस्था में देखा गया। पुलिस के अनुसार अज्ञात आरोपी ने उक्त वृद्ध की हत्या कर दी है।

### हर एंगल से जांच में जुटी पुलिस

इस घटना की जानकारी होने पर इस मामले की सूचना पुलिस को ग्रामीणों ने दी। इधर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया पुलिस इस मामले को हत्या का मान रही है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है। गांव के लोगों को जैसे ही उक्त घटना की खबर मिली, सनसनी एवं भय का वातावरण निर्मित हो गया है।






## खबर संक्षेप

### डबल इंजन सरकार का सर्वजन हितैषी बजटः गोपाल साहू



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं नेता गोपाल साहू ने ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गोपाल साहू ने कहा कि यह बजट प्रदेश को नीति से परिणाम की ओर ले जाने वाला है। उन्होंने बजट के मूल मंत्र संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि यह डबल इंजन सरकार का सर्वजनहितैषी बजट है, जो मध्यम वर्ग को राहत देने के साथ-साथ प्रदेश की जीडीपी में भी क्रांतिकारी वृद्धि सुनिश्चित करेगा। यह छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य का दस्तावेज है जिसमें सभी वर्गो और हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है।

### 1.72 लाख करोड़ का बजटः आधुनिक छत्तीसगढ़ का विजन यशवंत श्रीवास



**हरिभूमि कवर्धा।** भाजयुमो उपाध्यक्ष यशवंत श्रीवास ने 1.72 लाख करोड़ रुपए के राज्य बजट को छत्तीसगढ़ के आधुनिक विजन का बजट बताया। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह तीसरा बजट संकल्प थीम पर आधारित है, जिसमें किसान, युवा, महिला, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज और 18 वर्ष पूर्ण करने पर बच्चियों को 1.5 लाख रुपए देने का प्रावधान सराहनीय है। उन्होने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन और मजबूत आधारभूत संरचना के माध्यम से नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने तथा 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह बजट ज्ञान और गति का संगम है, जिसमें युवाओं के कौशल विकास और स्वरोजगार को प्राथमिकता दी गई है।

### पालीगुढ़ा में 8वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पालीगुढ़ा में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई, साथ ही पूर्व प्रधान पाठक एवं वर्तमान प्राचार्य सेजेस पोंड़ी संजय गुप्ता का विदाई एवं वर्तमान प्रधान पाठक लखन लाल वार्ते का वेलकम कार्यक्रम भी रखा गया। इस दौरान शासकीय प्राथमिक समिति अध्यक्ष जगेसर ध्रुवे द्वारा न्योता भोज कराया गया, इस कार्यक्रम में संकुल समन्वय महेन्द्र जांगड़े, हलधर नाथ योगी, भीष्म पांडेय, प्रधान पाठिका मधुलिका शर्मा पालीगुड़ा, प्रधान पाठिका अर्चना शर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं सीमा शर्मा, प्रकाश चंद साहू उपस्थित थें। साथ ही साथ स्कूली छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### पर्यावास के पुर्नजन्न, संवर्धन और संरक्षण पर बैगाओं ने लिया संकल्प



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम भाजी-डोंगरी में आदिवासी समता मंच द्वारा आयोजित कार्यशाला में पंडरिया क्षेत्र के 30 गांवों से आये बैगा प्रतिनिधियों ने अपने 110 गांवों में फैले पर्यावास के पुर्नजन्न, संवर्धन और संरक्षण के लिए संकल्प लिया। इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ईतवारी राम मछिया ने बताया कि पर्यावास के पुर्नजन्न से बैगा अपनी सांस्कृतिक पहचान निरंतर रूप से बनाए रखेगें। उन्होंने पर्यावास की पुर्नजन्न की प्रक्रिया वर्तमान और आने वाले पीढ़ियों को निरंतर रूप से चलाए जाने की जरूरत पर बल दिया। आदिवासी समता मंच की अध्यक्षता इन्दु नेताम ने बताया कि पंडरिया के बैगा वन अधिकार कानून 2006 के अर्न्तगत 110 बैगा बसाहटों और क्षेत्र का पर्यावास अधिकार शासन द्वारा मान्य किए जाने कि दिशा में लगभग कुछ ही कदम दूर है और ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि बैगा अपने पर्यावास क्षेत्र की स्वास्थ्य पर चिंतन करना शुरू करें और पर्यावास क्षेत्र में विभिन्न कारणों से आई क्षरण जैसे जैव विविधता में आई कमी, वनोपज देयक पेड़-पौधे, जड़ी-बुटी में संख्यात्मक और गुणात्मक जैव विविधता की दृष्टि से गिरावट और वनस्पति पर टिकी विभिन्न जीव-जन्तु में आई कमी के निवारण के लिये योजनाबद्ध तरीके से पहल करें। कार्यशाला में भाग ले रहे जोन्हू बैगा ने बताया कि पर्यावास अधिकार के तहत बैंगाओं को अपने पर्यावास को बचाए और टिकाए रखने का अधिकार है और पर्यावास तभी बचे और टिके रह सकता है जब पर्यावास के पुर्नजन्न, संवर्धन, संरक्षण की प्रक्रिया पुरजोर और सतत तरीके से और बिना किसी अवरोध से चलते रहे जिसमें बैंगा समाज के सभी लोग पुरजोर तरीके से अपनी भूमिका निभायें और शासन भी बैगाओं के पुर्नवास पुर्नजन्न प्रक्रिया में बैंगाओं के मांग को अपने कर्तव्य के रूप में स्वीकार कर सहयोग प्रदान करे।

**सौगात : पंडरिया विधानसभा में विकास की नई राह**

# विधायक ने दशरंगपुर से खंडसरा सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने के साथ ही सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज एक और क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम दशरंगपुर में 3 करोड़ 3 लाख 68 हजार रुपए की लागत से दशरंगपुर से खंडसरा तक 3 किलोमीटर सड़क व पुल-पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास की इस सौगात के लिए बधाई दी। यह सड़क निर्माण क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांगों में शामिल था, जिसकी पूर्ति से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है। पुल-पुलिया सहित सुदृढ़ सड़क निर्माण से वर्षभर क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा।

विधायक ने कहा कि पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों की निरंतर श्रृंखला डबल इंजन भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह सड़क पंडरिया विधानसभा के विकास का मजबूत आधार है। यह क्षेत्र की वर्षो पुरानी मांग थी, जिसे हमारी भाजपा सरकार ने गंभीरता से लेते हुए स्वीकृति प्रदान की। वर्तमान समय में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लगभग 400 किलोमीटर से अधिक के सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। हमारी प्रतिबद्धता है कि पंडरिया विधानसभा का कोई भी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। सड़क, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य, हर क्षेत्र में समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। पंडरिया विधानसभा में लगातार सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, सिंचाई एवं अधोसंरचना निर्माण के कार्य स्वीकृत होकर धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे क्षेत्र विकास की नई दिशा में अग्रसर हो रहा है। इस अवसर पर जिला एवं मंडल पदाधिकारीगण, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंचगण, नगर व जनपद पंचायत के प्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

**सड़क सुविधा एवं शहर व नगर से कनेक्टिविटी मिलेगी**



उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से ग्राम दशरंगपुर एवं खंडसरा सहित आसपास के कई गांवों को बारहमासी सड़क सुविधा एवं शहर व नगर से कनेक्टिविटी मिलेगी। किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में समय एवं लागत की बचत होगी। स्कूल, अस्पताल एवं बाजार तक सुगम संपर्क स्थापित होगा। आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित होगी और ग्रामीण व्यापार, व्यापारियों एवं लघु उद्यमों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही क्षेत्र में सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास व वहां निवासरत परिवारों तक मुलभूत सुविधाओं तथा शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकास की मुख्यधारा से उन्हें जोड़कर प्रदेश की समृद्धि व उन्नति में सहभागी बनाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं। यह सड़क आने वाले समय में ग्रामीण परिवेश में निवासरत परिवारों के लिए विकास का पथ सिद्ध होगा।

### तीन दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम सोमनापुर (पुराना) में तीन दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन महर्षि मुक्तानुभूति साहित्य प्रचारक समिति, उपकेंद्र बिरकोना, कवर्धा के तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर रायपुर से पधारे डॉ सत्यानंद महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन से श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन और आत्मबोध का मार्ग बताया। अपने उद्बोधन में महाराज ने सारे चराचर का अस्तित्व विषय पर गहन विवेचन करते हुए कहा कि मैं आत्मा हूँ मुझ आत्मा से अलग कुछ भी नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मनुष्य नाम, रूप, भाव, हर्ष-विषाद, होश-बेहोश और खामोश जैसी अवस्थाओं में उलझा रहता है, तब तक वह अपने वास्तविक स्वरूप को नहीं जान पाता। उन्होंने कहा कि साकार और निराकार की कल्पनाओं से भी परे जो तत्व है, वही विशुद्ध आध्यात्मिक सत्य है। जब सभी भावों का अभाव हो जाता है और मन पूर्णतः शांत हो जाता है, तब जो शेष रह जाता है, वही हमारा वास्तविक स्वरूप है। यही आध्यात्मिक भगवान का अनुभव है। प्रवचन के दौरान उन्होंने भगवान के तीन स्वरूप आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक का भी वर्णन किया।

## जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम में कुण्डा ब्लॉक से छः को मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

गत दिनों बुधवार को जिलाध्यक्ष कांग्रेस नवीन जायसवाल ने जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम का विस्तार करते हुए कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सूची जारी किया है, जिसमें कुण्डा ब्लॉक से छः लोगों को जगह दी गई है। जिसमें बुधवार को सृजन कांग्रेस के तहत प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो.अकबर एवं जिला प्रभारी पदम कोठारी के सहमति से जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के अनुशंसा पर प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गेंदू ने जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के जंबो कार्यकारणी सूची जारी की जिसमें 1 कोषाध्यक्ष, 13 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 20 सचिव व 10 कार्यकारिणी सदस्य की नियुक्ति की गई है। जिसमें कुण्डा ब्लॉक से छः लोगों को जगह दी गई है, जिसमें उत्तर चंद्राकर, साधे राम अनंत को उपाध्यक्ष बनाया गया एवं शिवकुमार चौहान व प्रशांत खांडे को महामंत्री बनाया गया। वहीं जितेंद्र चंद्राकर को सचिव एवं भरत साहू को कार्यकारणी में जगह दी गई है।

### छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वागत



**पंडरिया कवर्धा।** शालेय शिक्षक संघ ब्लॉक पंडरिया के सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सोनी ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बजट सत्र में शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत राहतकारी सिद्ध होगा। आकस्मिक बीमारी या आपातकालीन परिस्थितियों में आर्थिक दबाव से जूझना पड़ता था, किंतु अब कैशलेस इलाज की व्यवस्था से कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### चंद्रनाहू युवा कुर्मी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने राकेश चंद्रवंशी, समाज में उत्साह का माहौल



**हरिभूमि कवर्धा।** चंद्रनाहू कुर्मी समाज के लिए यह गौरव का क्षण है कि कबीरधाम जिले के भगतपुर निवासी राकेश (सोनू) चंद्रवंशी को छत्तीसगढ़ प्रदेश चंद्रनाहू युवा कुर्मी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति से पूरे प्रदेश के कुर्मी समाज में खुशी की लहर है, वहीं युवाओं में विशेष उत्साह और गर्व का माहौल देखा जा रहा है। समाज के केंद्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित वरिष्ठजनों और युवा साथियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राकेश (सोनू) चंद्रवंशी ने इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, मार्गदर्शकों एवं युवा साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस जिम्मेदारी का शत-प्रतिशत निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रमुख लक्ष्य समाज के युवाओं को संगठित करना, उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना तथा समाज को एकजुट कर निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाना है।

## सरेखा स्कूल में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरेखा में कक्षा आठवीं में अध्यनरत छात्राओं द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम धूमधाम से बनाया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित करते हुए सुगंधित पुष्प से उनकी पूजा की गई। तत्पश्चात विदाई समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल समन्वयक भानु राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्रवंशी का शाला परिवार की ओर से पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। संस्था प्रधान पाठिका शहीदन खान ने कहा कि कक्षा सातवीं के बच्चों द्वारा कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विदाई समारोह के उपलक्ष्य में उनके सर्वांगीण विकास हेतु कामना करते हुए कक्षा आठवीं के सभी छात्राओं को भेंट प्रदान किया गया। भानू राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे मेहनती हैं, आप और भी बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में आपको क्या रंग भरना है आपसे बेहतर कोई नहीं जानता उन्होंने पढ़ाई के महत्व को विस्तार से बताया। साथ ही सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक राजेश पाण्डेय ने कहा कि एक श्रेष्ठ शिक्षक अपने शिक्षार्थी को केवल शिक्षा ही नहीं देता वरन उन्हें जीने की कला भी सिखाता है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठिका शहीदन खान ने अतिथियों को भेंट देकर आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामानुज साहू, शिक्षक अविनाश चंद्रवंशी, प्रधान पाठिका श्रीमती नीता पटेल, विकास साहू, ओम साहू सहित विद्यालयीन छात्र–छात्राएं उपस्थित थें।

### विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर के घर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए : गौसेवा आयोग अध्यक्ष एवं सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



सर्व कुर्मी समाज के प्रदेशमहामंत्री एवं विश्व हिंदू परिषद जिला कबीरधाम के अध्यक्ष नन्दलाल चंद्राकर के निवास दशगात्र कार्यक्रम में ग्राम रापा पहुंचे गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष एवं सांसद 15 फरवरी को विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना देवी चंद्राकर का आकस्मिक निधन हो गया। जिसकी दशगात्र कार्यक्रम 25 फरवरी को गृहग्राम रापा-कुण्डा में दशगात्र कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, भुनेश्वर चंद्राकर, बिरझे राम सिंगरौल, सुरेन्द्र छाबड़ा, राजन यादव, देवेंद्र गुप्ता, मनोज ठाकुर, बीरेंद्र चंद्राकर, बाबूलाल रजक ने ग्राम रापा पहुंचकर मृतात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सप्तम परिवार को दाढ़ंस बढ़वाया।

### भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों की घोषणा, कवर्धा में रत्नेश गुप्ता को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय ने एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से जारी आदेश के अनुसार नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जारी सूची के मुताबिक दंतेवाड़ा में किशोर कुमार साहू, महासमुंद में अलोक दुबे, भिलाई में के रत्नमूर्ति, दुर्ग में मनोज ठाकरे, जशपुर में रूपेश सोनी तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विकास ठाकुर को जिला संयोजक बनाया गया है। कवर्धा जिले के लिए रत्नेश गुप्ता को एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रत्नेश गुप्ता को मिली जिम्मेदारी से स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। उनके नेतृत्व में जिले में सामाजिक संस्थाओं के साथ समन्वय मजबूत होने और संगठन के कार्यक्रमों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ नवीन मार्कण्डेय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगी।

## क्षेत्र के भूमिहीन किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

छत्तीसगढ़ में भूमिहीन किसान इन दिनों अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा होली के अवसर पर धान बेचने वाले किसानों के खातों में राशि अंतरित किए जाने से जहां खेतिहर किसानों में उत्साह का माहौल है, वहीं दूसरी ओर जिनके पास जमीन नहीं है, वे मायूस नजर आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार भूमिहीन किसान सालाना 10,000 की उस घोषणा का इंतजार कर रहे हैं, जो चुनाव के समय भाजपा द्वारा बड़े वादे के रूप में की गई थी। धान बेचने वाले किसानों के खातों में राशि पहुंचने से गांव-गांव में खुशी का वातावरण है। जिन किसानों के पास खेती योग्य भूमि है, वे इस आर्थिक सहायता से होली की तैयारियों में जुट गए हैं। घरों में रंग-गुलाल, नए कपड़े और त्यौहार की खरीदारी शुरू हो चुकी है, लेकिन जिन परिवारों के पास जमीन नहीं है और जो मजदूरी पर निर्भर हैं, वे खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि चुनाव के दौरान उनसे भी वादा किया गया था कि भूमिहीन किसानों को सालाना 10,000 की सहायता दी जाएगी, ताकि वे भी सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। भूमिहीन किसानों का कहना है कि पूर्ववर्ती भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार के समय त्यौहारों के अवसर पर साल में तीन बार आर्थिक सहायता दी जाती थी, जिससे उन्हें कुछ राहत मिल जाती थी। हालांकि राशि बड़ी नहीं थी, लेकिन त्यौहारों के समय वह मदद उनके लिए महत्वपूर्ण साबित होती थी। वर्तमान में वे उसी तरह की सहायता की उम्मीद लगाए बैठे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिनके पास खेती की जमीन नहीं है। ये लोग खेतिहर किसानों के यहां मजदूरी कर अपनी आजीविका चलाते हैं। त्यौहारों के समय अतिरिक्त खर्च बढ़ जाता है, ऐसे में यदि सरकार द्वारा घोषित 10,000 की वार्षिक सहायता समय पर मिल जाए तो उनके लिए यह बड़ी राहत साबित हो सकती है। भूमिहीन किसानों का कहना है कि यदि होली से पहले उनके खातों में यह राशि ट्रांसफर हो जाती, तो वे भी अपने परिवार के साथ हर्षोल्लास से त्यौहार मना पाते। गांवों में चर्चा है कि सरकार ने जो घोषणा की है, उसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी वर्ग को भेदभाव का एहसास न हो। भूमिहीन किसान अब शासन-प्रशासन की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। ऐसे में सरकार से अपेक्षा है कि वह जल्द निर्णय लेकर भूमिहीन किसानों के खातों में सहायता राशि अंतरित करे, जिससे वे भी सम्मान और खुशी के साथ अपने परिवार के साथ त्यौहार मना सकें।

**गौशालाओं में चारा, पानी, पशु चिकित्सा एवं टीकाकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं की संबंध में किया प्रश्न**

# भावना बोहरा ने विधानसभा में गौ-वंश संरक्षण एवं संवर्धन और सांस्कृतिक आयोजनों के विषय में उठाया प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रदेश में गौ-वंश संरक्षण व संवर्धन एवं सांस्कृतिक आयोजनों के सन्दर्भ में विधानसभा में मुद्दा उठाया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में गौ-वंश के लिए चारा, पानी, शेड व मूलभूत सुविधाओं तथा उनके स्वास्थ्य व नियमित टीकाकरण के विषय और सांस्कृतिक योजनाओं में स्थानीय कलाकारों की सहभागिता को लेकर प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि राज्य में वर्तमान में पंजीकृत एवं अपंजीकृत गौ-शालाओं की कुल संख्या कितनी है? गौ-वंश संरक्षण एवं संवर्धन हेतु राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित किए जा रहे हैं तथा वर्ष 2024-25 में इसके लिए कितनी राशि आबंटित एवं व्यय की गई है? गौ-शालाओं में चारा, पानी, पशु-चिकित्सा एवं टीकाकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु क्या व्यवस्था की गई है? निराश्रित एवं सड़कों पर विचरण करने वाले गौ-वंश की पहचान, पकड़ एवं संरक्षण के लिए क्या ठोस कार्ययोजना लागू की गई है? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 135 पंजीकृत एवं 54 अपंजीकृत, इस प्रकार कुल 189 गौशालाएं है। गौवंश संरक्षण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग द्वारा गौशाला का पंजीयन तथा गौधाम योजनांतर्गत गौधाम का पंजीयन किया जाता है। वर्ष 2024-25 में 135 पंजीकृत गौशालाओं को उनकी मांग अनुसार राशि रूपए 1922.00 लाख अनुदान, आदर्श गौधाम एवं गोकुल ग्राम झालम, जिला बेमेतरा में संरक्षित पशुधन हेतु राशि रूपए 29.75 लाख प्रदाय किया गया है एवं 11 पंजीकृत गौधामों को अद्यतन प्रदाय राशि निरंक है।

मंत्री ने बताया कि गौ-वंश संवर्धन हेतु राज्य सरकार द्वारा पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, शत-प्रतिशत अनुदान पर सांड वितरण योजना एवं उन्नत मादा वत्सपालन योजना संचालित किए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत वर्ष 2024-25 में पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत 3 करोड़ 35 लाख 85 हजार से अधिक, शत-प्रतिशत अनुदान पर सांड वितरण योजना के तहत 80.50 लाख तथा उन्नत मादा वत्सपालन योजना के तहत 249.90 लाख रुपए आवंटित की गई। गौशालाओं में चारा, पानी, पशु चिकित्सा एवं टीकाकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति की बैठक में अनुमोदन पश्चात गौशालाओं को पोषण आहार, शेड निर्माण, पेयजल एवं अन्य मद में नियमानुसार अनुदान दिया जाता है। एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम राशि रूपए 25.00 लाख प्रति संस्था प्रदाय किए जाने का प्रावधान है। निराश्रित एवं सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश की पहचान एवं पकड़ हेतु पशुओं में रेडियम पट्टी लगाया जाता है तथा गौवंशों के संरक्षण हेतु गौधाम योजना संचालित है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मिडिल स्कूल सतीवार्ड में हुआ न्योता भोज

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सतीवार्ड में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार दुबे रहे। उनके साथ बीआरसी केश लाल साहू, संकुल समन्वयक योगेश्वर साहू, श्रीमती संगीता बघेल शिक्षिका, लक्ष्मण साहू शिक्षक, विनोद मानिकपुरी तथा विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों को उपहार प्रदान कर भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम में आत्मीयता और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

### विद्युत लाईन से दूर होलिका दहन की अपील

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा होलिकोत्सव के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये मैदानी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को विशेष जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समूचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन न करने एवं रंगों की बौछार ना करने की समझाईश दी गई है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा दी गई।

# जिले में जनगणना के लिए तैयारियां प्रारंभ, पहले चरण का प्रशिक्षण सत्र आयोजित

- 01 से 30 मई तक होगी मकानों की गणना, गंभीरता एवं सजगता के साथ जनगणना प्रशिक्षण करें पूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत सरकार के दिशा-निर्देशनुसार राज्य के साथ-साथ कबीरधाम जिला में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ, जिसमें जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस शुक्रवार को कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी गोपाल वर्मा की उपस्थिति में जनगणना निदेशालय, रायपुर से मास्टर ट्रेनर्स कविंद्र कुमार रंगारी एवं आशीष मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण सत्र संचालित किया गया। प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा जनगणना कार्य में संलग्न सहायक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान अधिकारियों को गंभीरता एवं सजगता के साथ प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षकों से आग्रह किया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों से सवाल, जवाब भी किया जाए, ताकि विषय की स्पष्ट एवं व्यावहारिक समझ विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला सिद्ध होते हैं। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, बोड़ला सागर राज सिंह, सहसपुर लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन सहित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना कार्य के उद्देश्य, महत्व एवं व्यापकता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में जनगणना की रूपरेखा, कार्य संपादन की प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं तथा संबंधित प्रमुख अवधारणाओं को स्पष्ट किया गया। अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना की दृष्टि से भवन, मकान एवं परिवार की परिभाषा क्या है तथा उनकी गणना किस प्रकार की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रपत्रों की प्रविष्टि, आंकड़ों की शुद्धता, तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन पर विशेष बल दिया गया।

### जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से होगी संपन्न



उल्लेखनीय है कि वर्ष 1872 से भारत में नियमित रूप से जनगणना कराई जा रही है, किंतु वर्ष 2027 की जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आंकड़ों का संकलन, संधारण एवं विश्लेषण किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी होगी। जिले में जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत 01 मई से 30 मई 2026 तक समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मकानों की गणना का कार्य संपादित किया जाएगा। इसके उपरांत मुख्य जनगणना का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जाएगा। शनिवार को प्रशिक्षण का प्रायोगिक सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों एवं सॉफ्टवेयर के उपयोग का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा।

## हादसा: आरोपी वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार, तलाश में जुटी पुलिस

# अज्ञात वाहन ने पिता-पुत्र को रौंदा, पिता की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनबरसा निवासी विजय खांडेकर अपने पुत्र राजा राम खांडेकर के साथ मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन की रफ्तार काफी अधिक थी, जिससे टक्कर इतनी भीषण हुई कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और वाहन उन्हें रौंदते हुए आगे बढ़ गया। हादसे में विजय खांडेकर को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उनके पुत्र राजा राम खांडेकर को गंभीर अवस्था में तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या में मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार से उसके मुखिया को छीन लिया है और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के ठोस उपाय करने और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



### तेज रफ्तार कंटेनर वाहन में घुसा, कोई हताहत नहीं

शुक्रवार को सड़क हादसे की खबर जिले के विकासखण्ड पंडरिया से भी सामने आई है। यहां पंडरिया-बजाग मार्ग स्थित ग्राम लोखान के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इसे गनीमत ही कहें की इस सड़क हादसे में वाहन चालक और परिचालक बाल-बाल बच गए और उन्हें किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई। बताया जाता है की वाहन चालक द्वारा काफी तेजगति से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जा रहा था जिसके कारण मोड़ पर चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन पलट गया। बहरहाल इस मामले में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।



# वन अग्नि रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वनमंडल अंतर्गत वनों को अग्नि के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने एवं प्रभावी अग्नि प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए वनमंडल अधिकारी, कवर्धा द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वन क्षेत्रों में फायर लाइन की कटाई-सफाई, फायर वाचर्स की नियुक्ति तथा आग की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल नियंत्रण की समुचित व्यवस्था की गई है। बेहतर समन्वय एवं त्वरित कार्यवाही हेतु वनमंडल कार्यालय, कवर्धा में फॉरेस्ट फायर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वन अग्नि की किसी भी घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर पर दें एवं वन विभाग की वेबसाइट फोरेस्ट में समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर पंजीकृत किए गए हैं। एफएसआई एवं एफएमआईएस के माध्यम से उपग्रह द्वारा प्राप्त अग्नि बिंदुओं की सूचना संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारियों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर तत्काल प्रेषित की जाती है, जिससे त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। अग्नि नियंत्रण हेतु वनमंडल के समस्त वन परिक्षेत्रों में कुल 69 फायर ब्लोअर उपलब्ध कराए गए हैं। वन अग्नि की रोकथाम के लिए महुआ वृक्षों की ब्लोजिंग कर कंट्रोल बर्निंग, ग्रामों में मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर चस्पा, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा सरपंच एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति अध्यक्षों को पोस्टकार्ड के माध्यम से अपील जैसी नवाचारी पहल की जा रही है। इसके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है। अंचल के प्रसिद्ध कलाकारों के दल आस्था कला मंच कबीरधाम द्वारा अग्नि सुरक्षा पर आधारित गीत-नाटक-संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

# जिपं सभापति ने व्हीबी रामजी योजना का निरीक्षण कर श्रमिकों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने गत दिनो ग्राम मानिकचौरी में शासन की महत्वाकांक्षी योजना व्हीबी के अंतर्गत चल रहे कार्यस्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों एवं ग्रामीण नागरिकों से संवाद कर योजना की विशेषताओं एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. साहू ने बताया कि व्हीबी-जी राम-जी के तहत रोजगार गारंटी को 100 से बढ़ाकर 125 दिनों तक विस्तारित करना ग्रामीण परिवारों के लिए एक सशक्त आश्वासन है। यह विस्तार केवल रोजगार के दिनों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन दिनों में किए जाने वाले कार्यों को अधिक उपयोगी, टिकाऊ और परिणाम-उन्मुख बनाने पर केंद्रित है। इससे ग्रामीण श्रमिकों को न केवल अधिक आय का अवसर मिलेगा, बल्कि उनके श्रम से निर्मित परिसंपत्तियाँ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होंगी। एमसीबी जिले के आदिवासी और वनांचल बहुल क्षेत्रों में, जहां आजीविका का गहरा संबंध प्रकृति और स्थानीय संसाधनों से है, यह मॉडल मनरेगा को स्थायी ग्रामीण जीवन का आधार बनाने की क्षमता रखता है। जल संरचनाओं से बड़ी सिंचाई क्षमता, बेहतर सड़कों से आसान बाजार पहुंच और आजीविका-संबंधी परिसंपत्तियों से स्थानीय रोजगार के नए अवसर ग्रामीण समाज को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करेंगे। व्हीबी-जी राम-जी के माध्यम से मनरेगा का यह पुनर्गठन एमसीबी जिले के लिए केवल एक योजना सुधार नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की सोच में आया एक सकारात्मक और दूरगामी परिवर्तन है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन और ग्राम पंचायतों के समन्वित प्रयासों से यह मिशन जिले को रोजगार गारंटी के साथ-साथ टिकाऊ आजीविका का सशक्त मॉडल बना सकता है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत के सरपंच ने किया।



### समज राम साहू को मिली मोटराइज्ड ट्रायसायकल, जीवन की राह हुई आसान



**कवर्धा।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों को सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ाना है। इसी दिशा में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके जीवन को सरल बनाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। कबीरधाम जिला विकासखंड बोड़ला के ग्राम चिमांगोदी निवासी समज राम साहू दिव्यांग हैं और लंबे समय से आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। गांव से शहर आने-जाने, अस्पताल पहुंचने तथा दैनिक आवश्यक कार्यों के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे न केवल उनका समय और ऊर्जा खर्च होती थी, बल्कि आत्मविश्वास भी प्रभावित होता था। लेकिन समाज कल्याण विभाग की पहल से श्री साहू को बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। यह ट्रायसायकल उनके लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि स्वतंत्रता का साधन बन गई है। अब वे अपने सभी जरूरी कार्य स्वयं कर पा रहे हैं। बाजार जाना हो, अस्पताल जाना हो या किसी सरकारी कार्यालय में काम हो अब स्वयं से यह सफर अकेले तय कर लेते हैं। ट्रायसायकल मिलने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। जहां पहले हर छोटे कार्य के लिए दूसरों का सहारा लेना पड़ता था, वहीं अब वे आत्मसम्मान के साथ स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं। गांव से शहर तक उनकी आवाजाही आसान हो गई है और वे सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग ले पा रहे हैं।

# युकां ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में निकाली मशाल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा गुरूवार की देरशाम शहर कांग्रेस भवन से मशाल यात्रा युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए बाजार मार्ग, सिग्नल चौक तक निकाली गई। यह रैली राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की कथित असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित की गई। इस अवसर पर युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट के दौरान लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अलोकतांत्रिक ढंग से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई विपक्ष की आवाज दबाने के उद्देश्य से की गई है। इसी के विरोध में कवर्धा विधानसभा के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला। श्री वर्मा ने आगे कहा कि देश की छवि को नुकसान शांतिपूर्ण विरोध से नहीं, बल्कि आयोजन की अव्यवस्थाओं और विवादों से पहुंचा है। उन्होंने विभिन्न मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि अतरराष्ट्रीय मंच पर सरकार की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में रही है। युवा कांग्रेस समन्वयक कवर्धा अशवनी वर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस सत्य और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी को उन्होंने पूरी तरह गैरकानूनी बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की। इस अवसर पर गोपाल चंद्रवंशी, महिला शहर अध्यक्ष नारायणी तोंडरे, वकील जुगेश चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव अकाश केशरवानी, जनपद सदस्य नेमीचंद पटेल सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



## दुकानदारों को रंगों के त्यौहार होली पर अच्छी ग्राहकी की उम्मीदें

# बाजार में सजी रंग-गुलाल व पिचकारी की दर्जनों दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

होली पर्व की नजदीकियों को देखते हुए नगर में होली का बाजार सजने लगा है। पर्व के मद्देनजर स्थानीय बाजार में रंग, पिचकारी तथा पर्व उपयोगी दूसरे साजो सामान की कई दुकाने सजाई गई है। हालांकि इन दुकानों में अभी दुकानदारों की अपेक्षा के अनुरूप ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं। लेकिन दुकानदारों को उम्मीद है कि जैसे-जैसे पर्व नजदीक आयेगा ग्राहकी भी बढ़ने लगेगी। उल्लेखनीय है कि इस बार 03 मार्च को होलिका दहन और 04 मार्च को धुरेड़ी है और हर बार की तरह इस बार भी नगर में होली पर्व को लेकर लोगों में अब उत्साह दिखाई देने लगा है। लोगों के इसी उत्साह को दो गुना करने इस बार बाजार में होली से संबंधित साजो सामान की दर्जनो दुकाने सजाई गई है। रंग, गुलाल, पिचकारी की इन दुकानों में नए रूप रंग के दर्जनो आईटम रखे गए है।



दुकानदारों ने बताया कि लोगों ने धीमी गति से पर्व की खरीददारी शुरू कर दी है। हमेशा की तरह इस बार भी होली का बाजार बच्चों के लिए खास साजो सामान लेकर आया है। उन्होंने बताया कि दुकान में तरह-तरह की पिचकारी, मुखौटे, स्प्रे उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए क्रिस, मिकी माउस, शेर लोमड़ी, खरगोश, स्पाइडर मेन, शक्तिमान सहित विभिन्न प्रकार के मुखौटे 30 से 150 रूपए की कीमत में उपलब्ध हैं। इसी प्रकार पिचकारी में बोतल पिचकारी, स्टेगन, सानिया मिर्जा, हथौड़ा, जरीवाला, त्रिशुल, फव्वारा, बाली पिचकारी 50 से 1000 रूपए तक की उपलब्ध हैं। इसी तरह होली के रंगों से बाल को बचाने के लिए मसखरा टोपी, चटाईकेप, दुल्हा पगड़ी, तुर्रा टोपी भी 50 रूपए की कीमत से शुरू है। उन्होंने बताया कि हर वर्ग की पहली पसंद गुलाल 100 रूपए प्रति किलो से प्रारंभ। होली में रंग गुलाल के अलावा लोक कलाकारों के फाग गीत की सीडी कैसेट तथा नगा नगाड़ा भी खूब बिक रहे है। दूसरी तरफ उत्साही बच्चे होलिका दहन की तैयारी में जुटे है। उन्होंने होलिका स्थापना कर ली है।

# विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विकासखंड पंडरिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, परसवारा में नशामुक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के विभिन्न प्रकारों, उनके दुष्प्रभावों तथा नशे से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को समझाया कि नशे की लत से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिविर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्हें जीवन भर नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम से कुल 55 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। यह आयोजन श्रीमती अभिलाषा पांडा, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान की वालेंटियर सुश्री ज्योति साहू तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही नशामुक्ति के प्रति जागरूकता विकसित करना और स्वस्थ, सुरक्षित तथा जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक पहल करना रहा।

